मंत्री
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

भूपेन्द्र यादव
BHUPENDER YADAV

MINISTER
ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा इसके सभी क्षेत्रीय/अधीनस्थ कार्यालयों, स्वायत्त निकायों, बोर्डों और संस्थानों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को **"हिंदी दिवस-2024"** की हार्दिक शुभकामनाएं।

हिंदी हमारे देश की विविधता और एकता का प्रतीक है। यह हमारे विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। हिंदी भाषा में हमारी संस्कृति और हमारी पहचान का अस्तित्व निहित है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक हिंदी ने हमारी राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सरकारी कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग बढ़ रहा है किंतु अभी भी काफी काम अंग्रेजी में हो रहा है। भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुरूप सामान्यतः हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना ही संघ की राजभाषा नीति का उद्देश्य है। आपको विदित हो है कि 'पर्यावरण' शब्द हिंदी के परि और आवरण से मिलकर वना है अर्थात किसी भी जीव के चारों ओर का आवरण ही पर्यावरण है। यह मंत्रालय आम जनता के सरोकारों और परिवेश से जुड़ा है। यदि आप अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करते हैं, तो इस मंत्रालय के कामकाज को सरलता से आम जनता तक पहुंचा सकते हैं और उन्हें पर्यावरण मंत्रालय की गतिविधियों तथा पर्यावरण संरक्षण के संबंध में मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में अधिक से अधिक जागरूक कर सकते हैं।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे मंत्रालय में 01 से 30 सितंबर 2024 तक **"हिंदी माह"** का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मंत्रालय में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। हम मंत्रालय के साथ-साथ इसके सभी क्षेत्रीय/अधीनस्थ कार्यालयों, स्वायत्त निकायों, बोर्डों एवं संस्थानों से अपील करते हैं कि वे अपने-अपने कार्यालयों में हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/माह का आयोजन करके राजभाषा हिंदी के प्रति गौरव का अनुभव करें। इस दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सभी अधिकारी/कर्मचारी अधिकाधिक संख्या में भाग लें। आइए, हम सभी हिंदी भाषा में अधिक से अधिक कार्य करके राजभाषा की प्रगति में अपना योगदान दें।

(भूपेन्द्र यादव)

पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली-110003, फोन : 011-20819190, 011-20819187, फैक्स: 011-20819299
Paryavaran Bhawan, Jor Bagh Road, New Delhi-110003, Tel.: 011-20819190, 011-20819187, Fax : 011-20819299
ईमेल / E-mail : mefcc@gov.in